



# निर्माण कार्यों की धीमी गति

## समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराएं सेतु निगम, कमिश्नर ने की संभागीय समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सागर 12 जनवरी. संभागायुक्त अनिल सुचारी ने सागर संभाग में अप्रारंभ निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश निर्माण विभागों के अधिकारियों को दिए हैं. कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि सागर संभाग में ऐसे सभी स्वीकृत निर्माण कार्य जो अप्रारंभ हैं, ऐसे कार्यों को सभी प्रक्रिया पूर्ण कराकर शीघ्र प्रारंभ कराएं और समय-सीमा में पूर्ण कराएं.**



कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि सागर जिले में वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए. कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. कमिश्नर ने उक्त निर्देश लोक निर्माण विभाग, पीआईयू विभाग, सेतु निर्माण विभाग एवं अन्य निर्माण विभागों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए. बैठक में कमिश्नर ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज दमोह के भवनों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज दमोह के निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराएं.बैठक में कमिश्नर ने लोक शिक्षण विभाग द्वारा कराए जा रहे स्कूल भवनों और शासकीय भवनों के निर्माण की जिलेवार समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल भवनों और अन्य शासकीय भवनों का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराएं. बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में स्कूल भवनों के निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा निर्देशित किया गया कि स्कूल भवनों का निर्माण प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाए. बैठक में सेतु निर्माण विभाग द्वारा सागर संभाग में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सेतु निर्माण विभाग के कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है. उन्होंने कहा कि सेतु निर्माण के कार्य सागर संभाग में समय-सीमा में करना सुनिश्चित कराएं.

## अवैध वसूली का आरोप

**सागर.** डायल 112 सेवा में पदस्थ एफआरबी चालक पायलट ने भर्ती और पोस्टिंग के नाम पर 80 हजार रुपये की अवैध वसूली किए जाने और बिना नोटिस दूसरे जिले में ट्रांसफर करने का गंभीर आरोप लगाया है. पीड़ित पायलट ने मामले की शिकायत एसपी से करते हुए राशि वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है. शिकायतकर्ता फरहान खान पिता अमजद खान निवासी इतवारी टौरी ने बताया कि वह थाना गोपालगंज अंतर्गत एफआरबी 05 में चालक पायलट के पद पर पदस्थ था, बिना किसी पूर्व सूचना के उसका स्थानांतरण सागर से सिंगरौली जिले में कर दिया गया. पीड़ित ने अआरोप लगाया है कि भर्ती के दौरान विकांत सिंह ठाकुर द्वारा उसे आश्वासन दिया गया था कि उसे जिले से बाहर नहीं भेजा जाएगा. इसके बदले फरहान ने फोन-पे के माध्यम से 50 हजार रुपये और 30 हजार रुपये नकद सहित कुल 80 हजार रुपये दिए.

# दुकानों का आधिपत्य तीन दिन में न लेने पर जमा राशि राजसात करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 12 जनवरी. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कटरा बाजार स्थित डी.डी. कॉम्प्लेक्स की दुकानों का आवंटन प्राप्त कर अब तक आधिपत्य न लेने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं.**

आयुक्त श्री खत्री ने बाजार शाखा के प्रभारी आनद मंगल गुरु को आदेशित किया है कि जिन व्यक्तियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में दुकानों का आधिपत्य नहीं लिया गया है, उन्हें अंतिम रूप से 3 दिवस का अवसर प्रदान करते हुए यदि वे इस अवधि में भी दुकानों का आधिपत्य ग्रहण नहीं करते हैं तो उनकी जमा राशि राजसात कर आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई की जाए.

बाजार शाखा प्रभारी आनंद मंगल गुरु ने बताया कि कटरा बाजार स्थित डी.डी. कॉम्प्लेक्स में आवंटित दुकानों की संख्या 41 है जिनमें से 11 व्यक्तियों द्वारा पूरी राशि जमा कर दी गई है, 25 व्यक्तियों द्वारा 50 प्रतिशत राशि और 4 व्यक्तियों के द्वारा 25 प्रतिशत राशि जमा कर की गई है, जिनके द्वारा पूर्ण राशि जमा कर दी है उनके द्वारा आधिपत्य हेतु आवेदन जमा कर दिए हैं, जिन व्यक्तियों द्वारा पूर्ण राशि जमा नहीं की गई है 3 दिवस में अगर बकाया राशि जमा नहीं की जाती है तो जमा राशि राजसात करते हुए आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई की जावेगी. उल्लेखनीय है कि विगत दिनों डी.डी.कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों द्वारा निगमायुक्त से कांम्प्लेक्स में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की गई थी. इस पर आयुक्त द्वारा संबंधित दुकानदारों एवं ननि के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया तथा विद्युत, साफ-सफाई, पानी, मार्ग एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान कराया गया. निरीक्षण एवं समस्याओं के निराकरण के उपरांत भी अनेक दुकानदारों द्वारा अब तक दुकानों का आधिपत्य नहीं लिया गया है. इस संबंध में नगर निगम की बाजार शाखा द्वारा पूर्व में भी दुकानदारों को नोटिस जारी कर दुकानों का आधिपत्य लेने के निर्देश दिए गए थे, किंतु इसके बावजूद कुछ दुकानदारों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है. उन्होंने कहा कि निर्धारित 3 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात जिन दुकानों का आधिपत्य नहीं लिया जाएगा, जमा राशि नियमानुसार राजसात कर आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा तथा संबंधित दुकानों को पुन: आवंटन की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा.

## एक नजर में



### इंदौर में हुए प्रदर्शन में भाग लिया

**सागर.** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर इंदौर में आयोजित न्याय यात्रा में जिला कांग्रेस महिला उपाध्यक्ष एवं मकरोनिया पार्षद सीमा कमल चौधरी के साथ महिलाओं ने इंदौर में मार्च में शामिल होकर विरोध जताया. न्याय यात्रा के दौरान श्रीमती चौधरी ने कहा कि दूषित पानी के कारण नागरिकों की मौत शासन-प्रशासन की बड़ी विफलता है. इस दौरान पूर्व सरपंच कमल रानी आदिवासी, बबली अहिरवार, देवी मिश्रा, भारती अहिरवार, पूनम अहिरवार, राखी अहिरवार,पार्वती अहिरवार, मनीषा अहिरवार, नंदनी अहिरवार, हेमरानी अहिरवार शामिल हुई.



### स्थापना दिवस पर विभाग में कार्यक्रम आयोजित

**सागर.** समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं विभागीय स्थापना दिवस मनाया गया. विभागाध्यक्ष व अधिष्ठाता प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने युवाओं को उमंग, उल्लास व तेज के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी. इसमें शिक्षक प्रो. काली नाथ झा, डॉ. शिवशंकर जेना, डॉ. नंदी पटोदिया, डॉ. रविदास अहिरवार उपस्थित रहें. जिसमें सभी ने वृक्षारोण के साथ विभागीय स्थापना दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती को मनाया. संचालन शुभम तथा महिमा ने किया. इस अवसर पर शोधार्थी मानसी वैद्य एवं मो. शाहरूख ने भी विचार रखें. आभार डॉ. नंदी पटोदिया ने माना.




### जैन बैंकर्स फोरम का शपथ ग्रहण समारोह

**सागर.** जैन बैंकर्स फोरम का नव वर्ष पर प्रथम मिलन समारोह निवर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ. नव गठित कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह में मप्र अधिवक्ता संघ की सदस्य रश्मि ऋतु जैन ने शपथ दिलाई. नव निर्वाचित पदाधिकारियों में यशवंत जैन अध्यक्ष, अजित जैन सचिव, राकेश जैन सतभैया कोषाध्यक्ष, महेंद्र जैन उपाध्यक्ष, प्रतिभा जैन सह कोषाध्यक्ष,उपेंद्र जैन संगठन मंत्री, देवेश जैन प्रचार मंत्री ने शपथ ग्रहण की.निवर्तमान सचिव राजेश सिंघई ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा. संचालन राजेश सिंघई, आभार अजित जैन ने किया. वहीं भारतीय जैन संघटना के सहयोग से जरुरतमंदों को स्वेटर वितरित की गई.



### आपदा प्रबंधन अभियान के तहत उपाय बताए

**ललितपुर.** नैक ए ग्रेड एवं स्वायत्त शिक्षण संस्थान, भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन महार्रा में आपदा प्रबंधन अभियान एवं एनएसएस के अंतर्गत रन फोर स्वदेशी ,कार्यक्रम में आईक्यूएसी प्रभारी डॉ .रोहित जैन ने आपदा प्रबंधन अभियान के अंतर्गत शीतलहर ,कोहरा से बचाव के उपाय बताएं. उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की सेमेस्टर परीक्षाएं चल रही हैं जिनका प्रथम पाली का समय 8.30 से 10.30 तक है जिसमें कोहरा और शीत लहर का प्रकोप बहुत अधिक, अपनी चरम पर होता है, ऐसे में छात्रों को परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र तक जाना पड़ता है जिसमें रोड पर चलने में जोखिम रहता है तो सबसे पहले तो अपने वाहनों की हेड लाइट एवं फाग लाइट ऑन रखें एवं वाहन की रफ्तार बहुत ही काम रखें और धीरे-धीरे सभी लाइन में चलने का प्रयास करें.

# राष्ट्रीय नृत्य कार्यशाला शुरू

नवभारत न्यूज

**सागर 12 जनवरी. गुरु वट वृक्ष के समान होता है और शिष्य उसकी शाखाएं होते हैं, जिस प्रकार से वट वृक्ष नीचे से ऊपर की ओर जाता है एवं पूर्ण विकसित हो जाने पर उसकी अनेकों शाखाएं प्रतिशाखाएं पुन: धरती में समाहित होती हैं उसी प्रकार एक कला गुरु की अनेक शाखाएं शिष्य के रूप में धरती पर अपना प्रभाव स्थापित करती हैं.**

उक्त उद्गार गर्ल्स डिग्री कॉलेज के नृत्य विभाग द्वारा आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय नृत्य कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में अध्यक्षीय उद्बोधन में




प्राचार्य डॉ आनंद तिवारी ने व्यक्त किए. आयोजन सचिव डॉ प्रेम चतुर्वेदी द्वारा सरस्वती वंदना एवं संस्कृत विभाग की छात्राओं द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया. कार्यशाला समन्वयक डॉ अपर्णा चाचोंदिया ने बताया कि इस कार्यशाला में शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य एवं लोकगीतों का प्रशिक्षण दिया जाएगा.

# विवेकानंद के विचार आज भी प्रासंगिक

नवभारत न्यूज

**खुरई 12 जनवरी. स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं और राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया के लिए पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं. यह बात युवा विचारक एवं भाजपा कार्यकर्ता अविराज भूपेंद्र सिंह ने स्वामी विवेकानंद के विचार-दर्शन पर चर्चा करते हुए कही.**

विधायक कार्यालय में जन समस्या निवारण कार्यक्रम में श्री सिंह ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिवस है, जो कि भारतीय चेतना के ऐसे



महान व्यक्तित्व थे, जिनके विचार समय की सीमाओं से परे हैं. उन्होंने जिस भारत की कल्पना की थी, उसके केंद्र में युवा शक्ति और उसकी आत्मा में हिन्दुत्व था, विवेकानंद के लिए युवा और हिन्दुत्व अलग नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक थे. युवा राष्ट्र की ऊर्जा हैं और हिन्दुत्व उसका नैतिक व आध्यात्मिक आधार आज जब भारत अपनी सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक समरसता और वैश्विक भूमिका को लेकर आत्ममंथन कर रहा है, तब विवेकानंद का दृष्टिकोण युवाओं के लिए मार्गदर्शक बनता है.

## मौसम विज्ञान विभाग की वर्षगांठ पर कार्यक्रम

**सागर.** भारत मौसम विज्ञान विभाग के 151वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर 15 जनवरी गुरुवार को मौसम विज्ञान कार्यालय में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक स्कूल एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओ के कर्मचारी, अधिकारी एवं आम जनता और प्रेस, मीडिया कर्मियों के लिए मौसम संबंधी गतिविधियों से संबंधित उपकरण प्रदर्शित किए जाएंगे एवं विभाग की कार्यप्रणाली, विभाग की उपलब्धियों के बारे में बताया जाएगा.

# मानसिक स्वास्थ्य पर गठित कमेटी की बैठक

नवभारत न्यूज

**सागर 12 जनवरी. विद्यार्थियों में आत्महत्या की प्रवृत्ति के रोकथाम के लिए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने जिला स्तरीय टास्क फोर्स की कलेक्टर संदीप जी.आर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई.**

कलेक्टर ने समस्त शिक्षण संस्थाओं,कोचिंग इंस्टीट्यूट का डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स में अतिशीघ्र रजिस्ट्रेशन कराने एवं मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने हेतु आदेशित किया. डीटीएफ की सचिव एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं



वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने बताया कि सभी शिक्षण संस्थानों के सभी हितधारकों द्वारा तैयार पोर्टल पर सर्वे में भाग लिया गया है. अग्रणी महाविद्यालय द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर सागर जिले के महाविद्यालय के फैकल्टी मेंबर्स का उन्मुखीकरण कार्यक्रम तथा छात्रों को विभिन्न मानसिक समस्याओं के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराये गये है. बैठक में डीईओ अरविंद जैन, डॉ.मनीष सोनी, बीएमसी डॉ. संजय प्रसाद, छवि अग्रवाल, संदीप तिवारी, आदर्श शेलार आदि मौजूद थे.

## सुरखी जैन मंदिर में चोरी

**सागर.** सुरखी ग्राम में जैन मंदिर में चोरी हो गई. बड़कुल जी के घर के सामने जैन मंदिर में चोरों ने रात में चोरी की और चांदी के छत्र, नगदी आदि ले गए हैं. छत्र चांदी के लगभग 5 किलो से ऊपर के थे मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीबीडी सब निकाल ले गए किसी चोर का एक पैन कार्ड जरूर मंदिर में मिला है. पुलिस पहुंच गई है, समाज के लोग भी मंदिर में एकत्रित हो गए हैं, इस घटना से समाज में रोष व्याप्त है. चोर अपना पेन कार्ड, बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम कार्ड और एक कलाबंद मंदिर में छोड़ गए हैं. चांदी के 19 छत्र ले गए हैं. पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज की गई.

# क्रिकेट महाकुंभ का शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 12 जनवरी. स्वामी विवेकानंद जन्म जयंती पर मंत्री क्रिकेट महाकुंभ का शुभारंभ युवा शक्ति संगठन जिलाध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत,मंत्री प्रतिनिधि अरविंद सिंह राजपूत, शैलेंद्र श्रीवास्तव ने किया.**

उद्घाटन मुकाबला टीम रोनाल्डो सीसी एवं शानू 11 के बीच खेला गया. टॉस जीतकर रोनाल्डो सीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 89 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करते हुए सानू 11 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 4 ओवर में 2 विकेट खोकर 90 रन बनाकर मुकाबला 8 विकेट से जीत लिया. सानू 11 के मूसा कुरैशी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया.

# युवा दिवस पर स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार

## जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वामी विवेकानंद जयंती पर हुए कार्यक्रम, जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े वितरित किए



नवभारत न्यूज

**बंडा 12 जनवरी. स्वामी विवेकानंद जयंती (युवा दिवस) पर शासकीय विद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ.**

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने लाइव प्रसारण सुनते हुए अनुशासन एवं समर्पण के साथ योगाभ्यास किया. विधायक वीरेन्द्र सिंह लम्बरदार ने कहा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास के माध्यम से हम सभी शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से सशक्त बनने का संकल्प ले रहे हैं, योग न केवल हमें स्वस्थ रखता है, बल्कि जीवन में अनुशासन, एकाग्रता और सकारात्मक सोच भी विकसित करता है, पढ़ाई के साथ-साथ योग, खेल और संस्कारों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं. स्वस्थ युवा ही सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकता है, आइए, स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को आत्मसात कर अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ें और देश व समाज का नाम रोशन करें. पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया. कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नीतेश जैन नैनधरा, प्राचार्य संतोष चौरसिया, देवेन्द्र ठाकुर, नरेश मिश्रा, एन.एस. ठाकुर, डी.सी. राय, पत्रकार रामगोपाल गोस्वामी, दिनेश सोनी, रवि सेन, दिनेश लोधी, अक्षय रजक सहित विद्यालय का स्टाफ एवं छात्राओं ने योगाभ्यास किया. शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ. कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष वैभवराज सिंह कुकरेले, जिला उपाध्यक्ष विवेक मिश्रा, सूर्य कुमार दुबे, उमेश जैन पटारी, एसडीएम रवीश श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ. वंदना तिवारी, करुणाकरन नामदेव, विवेक सोनी, संजय सेन उपस्थित रहे. **पीएम श्री** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिलगन में स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्यालय परिसर में योग कार्यक्रम एवं प्रेरणादायी उद्बोधन आयोजित किए गए.



**रहली.** सरस्वती शिशु मंदिर में स्वामी विवेकानंद जयंती पर व्यवस्थापक यशवंत सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष यतेन्द्र समाधिया, सहसचिव मनीष कुमार मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला. मनीष मिश्रा ने बताया स्वामी विवेकानंद हमारे प्रेरणा स्त्रोत है, उन्होनें युवाओं से कहा था कि उठो जागो और आगे बढ़ो तथा देश की समृद्ध संस्कृति का सम्मान करो. इस अवसर पर विद्यालय के लगभग भैया/बहिन, आचार्य परिवार, अभिभावक गण सम्मिलित हुए. सूर्य नमस्कार और योग कार्यक्रम का संचालन मुकेश दुबे किया गया. भैया देवांश पटेरिया के द्वारा स्वामी विवेकानंद की झांकी प्रस्तुत की. आभार प्राचार्य रामस्वरूप विश्वकर्मा ने माना. वहीं वार्ड 13 सुभाष चौक पर कड़ाके की ठंड से जूझ रहे लोगों को गर्म कंबल भी भेंट किया. इस आयोजन में मंडल अध्यक्ष महेश यादव, महामंत्री पंकज सिंघई, अनूप जैन, अशोक श्रीवास्तव, विनोद शर्मा, संजय नायक, सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल सम्मिलत हुए.



**बीना.** युवा दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक में सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का आयोजन किया गया. इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विभिन्न आसन किए. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए. प्रतिभागियों ने आकाशवाणी पर प्रसारित विभिन्न योग अभ्यासों में हिस्सा लिया, इसके बाद मध्यप्रदेश गान का गायन हुआ. उपस्थित छात्रों और अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भाषण को आकाशवाणी प्रसारण के माध्यम से सुना. इस अवसर पर विधायक एड. निर्मला सप्रे जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा राय सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे.



**राहतगढ़.** युवा दिवस पर सांदीपनि विद्यालय में आयोजित सामूहिक योग में बीईओ मोनिश कार्लो, एड. पूरनसिंह लोधी, नायब तहसीलदार राजकुमार शुक्ला, प्राचार्य सुरेश पटेल, नवीन राय आदि ने योग से होने वाले फायदों को बताया और सभी ने कहा कि योग से शरीर स्वस्थ एवं दिमाग तरोताजा रहता है. नियमित रूप से अपने जीवन में योग को अपनाएं और निरोगी काया पाए. वहीं शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं ने सामूहिक योग किया. प्राचार्य राजकुमार कपूर ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने की बात कही.



**गौरझामर.** सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल गौरझामर में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस के उपलक्ष्य में भैया/बहिनों एवं आचार्य परिवार के द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया गया. सामूहिक सूर्य नमस्कार का प्रसारण आकाशवाणी के माध्यम से किया गया. विद्यालय के प्राचार्य कमलेश सेन ने स्वामी विवेकानंद के बारे में बताया एवं सूर्य नमस्कार के लाभ के बारे में प्रकाश डाला भैया/बहिनों ने स्वामी विवेकानंद का स्वरुप भी बनाया. इस अवसर पर विद्यालय समिति अध्यक्ष ऋषभ कुमार साहू, सचिव प्रेमनारायण साहू ,प्रधानाचार्या रश्मि अरेले अभिभावकगण, भैया/ बहिन एवं विद्यालय आचार्य परिवार उपस्थित रहा.